an>

Title: Need to complete the construction work of the road on NH 75.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 75 की दयनीय स्थिति के बारे में सदन का ध्यान आपके माध्यम से आकृष्ट करना चाहता हूं। यह सड़क पड़वा मोड़ से लेकर मुड़ीसमर होते हुए, गढ़वा होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा तक जाती है। इसका निर्माण कार्य वर्ष 2010 में शुरू हुआ था। इसको वर्ष 2012 तक पूरा हो जाना था, लेकिन आज भी इस राष्ट्रीय राजमार्ग का केवल एक चौथाई काम हुआ है। इस सड़क की स्थिति इतनी दयनीय है, इसमें इतने गड्ढे हैं, इसमें इतनी धूल उड़ती है, जिससे लाखों लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस सड़क का निर्माण कराया शीघ्र जाए। ...(व्यवधान)

14.22 hours

SUBMISSIONS BY MEMBERS...Contd.